भारत सरकार

योजना मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2662**

दिनांक 11.12.2024 को उत्तर देने के लिए

**अमृतसर का एकीकृत विकास**

2662. **श्री गुरजीत सिंह औजला:**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अमृतसर और उसके सीमावर्ती क्षेत्रों के एकीकृत विकास के लिए सरकार द्वारा क्या विशिष्ट योजनाएं तैयार की गई हैं;

(ख) क्या सरकार ने उद्योगों, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन में निवेश सहित आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विशेष अनुदान या पैकेज आवंटित किए हैं अथवा आवंटित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास व्यापार और पर्यटन संभावना को बढ़ाने के लिए सड़कों, रेल, वायु संपर्क सहित सीमावर्ती क्षेत्र की अवसरंचना में सुधार करने के लिए कोई रूपरेखा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्र में बेरोजगारी, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की कमी और आधुनिक शिक्षा तक सीमित पहुंच जैसी चुनौतियों का समाधान करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) और (ख) जी, नहीं। अमृतसर के एकीकृत विकास के लिए कोई विशिष्ट प्रस्ताव नहीं है। हालांकि, केंद्र सरकार की सभी विकास योजनाएं राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा अपने नागरिकों के जीवन में गुणात्मक सुधार लाने के लिए एकीकृत पद्धति से सभी क्षेत्रों के विकास

के लिए उपयोग की जाती है। सीमा सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार ने इसके सुदृढ़ीकरण हेतु एक बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ सीमा अवसंरचना (अर्थात बाड़, सड़क, फ्लडलाइट और सीमा चौकियों आदि) का निर्माण सीमा के साथ ही सुरक्षा बलों की बहु-स्तरीय और बहु-मॉडल तैनाती, प्रौद्योगिकीय समाधानों की स्थापना, चौबीसों घंटे निगरानी और गश्त करना, सुरक्षा बलों के लिए उन्नत हथियार और उपकरण, बेहतर आसूचना और परिचालन समन्वय, भेद्यता मानचित्रण, सुरंग-रोधी अभ्यास तथा घुसपैठियों के विरुद्ध अति सक्रिय कार्रवाई के आधार पर विशेष संचालन करना आदि शामिल हैं। पर्यटन के क्षेत्र में पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्रक योजनाओं - 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के माध्यम से योजना दिशानिर्देशों, निधियों की उपलब्धता आदि के साथ तालमेल में राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना का विकास करता है। मंत्रालय ने विकास के लिए अमृतसर, पंजाब में प्रसाद योजना के तहत एक परियोजना अर्थात "अमृतसर के अटारी में सीमा अनुभव" को मंजूरी प्रदान की है।

(ग) हाल ही में, सरकार ने भारत-पाकिस्तान सीमा के साथ-साथ पंजाब और राजस्थान राज्यों में सीमा सुरक्षा बल के अमृतसर क्षेत्र में 173.28 किमी. सीमावर्ती सड़क के निर्माण संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

घ) अमृतसर जिले में दो आकांक्षी ब्लॉक हैं: अजनाला और हर्ष छीना हैं। दोनों सीमावर्ती क्षेत्र में हैं। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम मौजूदा योजनाओं को जोड़कर, परिणामों को परिभाषित करके और निरंतर आधार पर उनकी निगरानी करके भारत के अविकसित ब्लॉकों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से बेहतर सुशासन के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं कृषि के 40 प्रमुख संकेतकों के सुधार पर केंद्रित है।

*****